प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.12.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअल माध्यम से सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, हजारीबाग में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहेंगे मौजूद।
- केंद्रीय सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए कल से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर। मेदिनीनगर में कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत।
- रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 200 दिव्यांगजनों के बीच 50 लाख से अधिक की सहायता उपकरणों का किया वितरण।
- रामगढ़ के पतरातू क्षेत्र से 13 अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता, गिरिडीह में हथियार समेत 6 अपराधी हुए गिरफ्तार।
- कुआलालंपुर में भारत ने अंडर–19 महिला टी20 एशिया कप का खिताब जीता, 41 रन से बंग्लादेश को दी शिक्सत।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार मेले के दौरान इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कल नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। बता दें कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में भर्तियां की जा रही हैं। देशभर से चुने गए नवनियुक्त युवाओं की गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्् मंत्रालय और विभागों में नियुक्ति की जायेगी।

*****************

इधर हजारीबाग के प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैम्प में भी कल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा जहां केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी। वहीं रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप में इस रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विभिन्न मंत्रालयों के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुवैत ने अपने सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक.अल.कबीर से सम्मा्नित किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री को किसी देश द्वारा दिया गया यह बीसवां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है। ऑर्डर ऑफ मुबारक.अल.कबीर कुवैत की नाईटहुड उपाधि है। यह सम्मान विदेशी राष्ट्राध्याक्षों, शासनाध्यक्षों और विदेशी राजशाही परिवार के सदस्यों को मित्रता के प्रतीक के रूप में दिया जाता है। मंत्रालय ने बताया कि इससे पहले यह सम्मान दो पूर्व अमरीकी राष्ट्रापति बिल क्लिंटन और जॉर्ज बुश तथा ग्रेट ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स जैसे विदेशी नेताओं को दिया जा चुका है।

*****************

केंद्रीय सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए कल से तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस दौरान वे मेदिनीनगर के दौरे पर रहेंगे है। इस क्रम में वे हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के साथ ही कावाखो गांव में ड्रिप सिंचाई प्रणाली और एससी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण करेंगे। वे दूरदर्शन, आकाशवाणी केंद्र और सीबीसी कार्यालय, समेत पलामू सदर अस्पताल का भी भ्रमण करेंगे और मोहम्मदगंज में चल रहे रेलवे परियोजना का भी दौरा करेंगे।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने आज रांची के 200 दिव्यांगजनों के बीच 50 लाख से अधिक के सहायक उपकरणों का वितरण किया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से आयेजित किया गया था। इस दौरान श्री सेठ ने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगों की सहायता के लिए प्रतिबध्द है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर व्यक्ति के प्रति संवेदनशील हैं। उनके प्रयास से ही विगत 10 वर्षों में दिव्यांगजनों के जीवन को नई आशा मिली है। अब दिव्यांगजन सशक्त व समृद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये उपकरण उनके जीवन को सुगम बनाने में सहयोग करेंगे।

*****************

गिरिडीह जिले से आज भाजपा ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने दो अलग अलग स्थानों पर संगठन पर्व की शुरुआत की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि यह अभियान 14 जनवरी तक चलेगा।

*****************

गढ़वा जिले के सभी प्रखंडो में किसानों से धान की खरीदारी शुरू कर दी गयी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

रामगढ़ पुलिस ने पतरातू थाना क्षेत्र से 13 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी अपराधियों का पांडे और श्रीवास्तव गिरोह से ताल्लुक बताये जा रहे हैं। पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से नगद एक लाख इकतालिस हजार रूपये, एक देशी कट्टा और दो गोली समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गए हैं।

*****************

गिरिडीह जिला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हथियार समेत 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए थे। उन्होंने बताया कि बगोदर सरिया के एसडीपीओ के नेतृत्व में हुई छापेमारी के दौरान इन्हें गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूटी गई कुछ सामग्री भी जब्त की गई है।

*****************

सरायकेला के सामुदायिक भवन में नालसा और झालसा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेगा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर सिंह ने लोगों को कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी दी।

*****************

रांची, खूंटी समेत राज्य के 15 जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बादल छाये रहने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने तापमान में उतार–चढ़ाव को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

*****************

क्वालालंपुर में खेले गए अंडर–19 महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी एशिया कप क्रिकेट का खिताब भारत ने जीत लिया है। एक रिपोर्ट–

*****समाप्त***********